# भाजपा में शामिल हो सकते हैं कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत

**पीएम मोदी के सामने कर सकते हैं सदस्यता ग्रहण**

**कांग्रेस को मालवा में झटका देने की रणनीति तैयार**

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 16 सितंबर. प्रदेश भाजपा कांग्रेस को मालवा-निमाड़ क्षेत्र में बुधवार को बड़ा झटका दे सकती है. बदनावर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत भाजपा में शामिल हो सकते हैं.**

भाजपा ने इस संबंध में अंदरूनी रणनीति को अंजाम दे दिया है. तय रणनीति के हिसाब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद पिछले दो दिनों से लगातार धार जिले के बदनावर में सक्रिय हैं. वैसे तो उनकी ये सक्रियता प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर दिख रही है. जहां ग्राम भैंसोला में होने वाले पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास समारोह की तैयारियां चल रही थी. ग्राम भैंसोला बदनावर विधानसभा क्षेत्र के तहत ही आता है, जो कि मौजूदा कांग्रेस विधायक शेखावत का विधानसभा क्षेत्र है.




### शेखावत को साधने में पीएम मित्र पार्क की सौगात भी बड़ी सहायक

बताया जा रहा है कि शेखावत के विधानसभा क्षेत्र को मिल रही ये बड़ी सौगात उनको साधने में बड़ी सहायक बनी है. बताया जा रहा है कि इस मामले में प्रदेश के कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी बड़ी भूमिका निभाई है. इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी भरोसे में ले लिया गया है और रणनीति को बेहद गोपनीय रखा गया है.

### पिछले विस चुनाव में भाजपा ने बगावत कर कांग्रेस में हो गए थे शामिल

शेखावत वैसे तो पहले भाजपा में ही थे, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा ने बदनावर विधानसभा सीट से टिकट नहीं दिया था, टिकट नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने भाजपा ने बगावत कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था. कांग्रेस ने उन्हें हाथों-हाथ लिया और बदनावर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में टिकट भी दे दिया. कांग्रेस का ये दांव पूरी तरह कारगर रहा और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार राजवर्धन सिंह दत्तीगांव को 2976 वोटों से हरा दिया था. ऐसे में ये उनकी एक बार फिर घर वापसी होगी.

### मालवा के पुराने भाजपा नेताओं में होती रही है गिनती

शेखावत की गिनती मालवा में भाजपा के पुराने नेताओं में होती रही है. शेखावत वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक बने थे. उन्हें सहकारिता का बड़ा नेता भी माना जाता है. वे मप्र अपेक्स बैंक के अध्यक्ष भी रहे हैं. लिहाजा अब उन्हें एक बार फिर भाजपा में घर वापसी के लिये रणनीति तैयार की गई है .बताया जा रहा है कि वे वर्तमान में कांग्रेस की कार्यशैली में स्वयं को एडजस्ट नहीं कर पा रहे हैं. भाजपा नेताओं के साथ उनकी गलबहियां विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान भी देखी गई थी.

### विधानसभा की सदस्यता से भी देंगे इस्तीफा

भाजपा में शामिल होने के बाद भंवर सिंह शेखावत विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे सकते हैं. बदनावर विधानसभा क्षेत्र से उन्हें उपचुनाव में भाजपा का टिकट मिल सकता है. बताया जा रहा है कि उपचुनाव में जीतने पर उन्हें मंत्रिमंडल में भी शामिल किया जा सकता है.

## एक नजर में

### सरपंच से 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते उपयंत्री गिरफ्तार

सागर. लोकायुक्त पुलिस ने दमोह जनपद पंचायत के उपयंत्री को आदिवासी सरपंच से 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है. लोकायुक्त पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत बरमासा की सरपंच लीला गोंड ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उपयंत्री राजेंद्र सिंह ठाकुर पुलिया और शाला बाउंड्री निर्माण कार्यों के मूल्यांकन व भुगतान बिल तैयार करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे हैं. शिकायत की पुष्टि के बाद पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर योगेश्वर शर्मा के निर्देश पर निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में गठित ट्रैप दल ने मंगलवार दोपहर कार्रवाई करते हुए आरोपी उपयंत्री को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया.

### मंत्री टेटवाल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

भोपाल. कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री टेटवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कौशल विकास संचालनालय में समीक्षा बैठक हुई. बैठक में आईटीआई प्रवेश, परीक्षा, बजट, क्रय, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, इंडस्ट्री कनेक्ट और नवाचार विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई. मंत्री टेटवाल ने कहा कि कौशल विकास योजनाओं का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ना है. मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लेसमेंट की संख्या और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए.

# ऊहापोह खत्म, फ्रीगंज ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ शुरू

## साइट क्लियर करने के लिए मशीन मौके पर पहुंची

- पोल पेड़ शिफ्ट किया जा रहे, प्रतिमा भी हटाई गई
- चामुंडा माता चौराहा से शुरू होकर ग्रांट होटल के सामने उतरेगा ब्रिज

नवभारत न्यूज


**उज्जैन. अंततः फ्रीगंज ओवरब्रिज का निर्माण धरातल पर शुरू हो गया है, लंबे समय से चर्चित फ्रीगंज ओवरब्रिज आरओबी के निर्माण को लेकर अलग-अलग प्रकार के कयास लगाए जा रहे थे. ऐसे में अब उहापोह का दौर खत्म हो गया है, मौके पर मशीन पहुंच गई है.**

सेतु-विकास निगम युद्ध स्तर पर साइड-क्लियर कर रहा है, पेड़ों की छंटाई और पोल शिफ्टिंग, पुराने निर्माण हटाने और साइट पर उपकरण तैनात करने का काम चल रहा है. मंगलवार को भी चामुंडा चौराहा से लेकर ग्रांट होटल के सामने तक काम चलता रहा.

**दिसंबर 27 तक ब्रिज तैयार**-नवभारत से चर्चा में सेतु विकास निगम के अधिकारी पीएस पंत ने बताया प्रोजेक्ट को सिंहस्थ-2028 दिसंबर-2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है, बारिश की वजह से बीच में काम रुका रहा और अब तेजी से साइट क्लियतर की जा रही है.

**ब्रिज पर एक नजर**-योजना के अनुसार नया ब्रिज 21.40 मीटर चौड़ा होगा और कुल लंबाई (रेलवे हिस्से सहित) लगभग 633 मीटर का रखा गया है, इसमें रेलवे पर लगभग 68 मीटर का स्पैन होगा. यह पुराने और नए शहर को जोड़ने तथा फ्रीगंज क्षेत्र में लगातार लगने वाले जाम/ट्रैफिक संकट को कम करने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है.

**58 करोड़ का ठेका**-अहमदाबाद की चेतन कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को ठेका दिया गया है, सिविल वर्क पर 58 करोड़ रुपए खर्च होंगे हालांकि दूसरे बिंदुओं पर 20 से 25 करोड रुपए खर्च होंगे जिसका आकलन बाद में किया जाएगा.





### रेल्वे अनुमति और सेतु निगम की भूमिका

रेलवे की तकनीकी मंजूरी मिल चुकी है और बताया जा रहा है कि रेलवे-पर बने हिस्से (रेलवे स्पैन) का निर्माण भी सेतु विकास निगम के माध्यम से ही किया जाएगा. रेलवे की तरफ से कुछ क्वार्टर/साइट से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी है. इस कारण रेलवे-सम्बन्धी हिस्से का समन्वय सेतु निगम और रेलवे कंसल्टेंट के साथ चल रहा है.

### प्रशासनिक स्थिति और चुनौतियाँ

प्रोजेक्ट के टेंडर कई बार निरस्त हुए, पुनः जारी होते रहे, अधिकारी बदलते रहे, कभी-कभी समय सीमा/तकनीकी शर्तों की दिक्कत आई. मुख्य सचिव-स्तर पर भी टेंडर प्रक्रिया में हुई, ऐसे में ठेका शर्तें, लागत और समय के साथ अन्य बदलाव हुए हैं.

# कभी ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो : मुख्यमंत्री

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पत्रकारों को बताया कि इंदौर में सोमवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना बेहद दुखद है. राज्य शासन ने घटना को पूरी गंभीरता के साथ लिया है. दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई है. घटना की पुनरावृति भविष्य में नहीं हो, इसके पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं.**

घटना की जांच अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह द्वारा कराई जा रही है. जांच के आधार पर आगे और भी कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इंदौर के विभिन्न अस्पतालों में पहुँचकर घायलों से मिलने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली. बैठक में उन्होंने कहा कि यह घटना विचलित करने वाली बेहद दुखद है. मैं इस घटना से स्वयं व्यथित हूं. मुझे रातभर बैचेनी रही, मैं ठीक से सो भी नहीं पाया. आज के सारे कार्यक्रम रद्द कर सीधे इंदौर पहुँचा और घायलों से मिलने विभिन्न अस्पतालों में गया. उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए.



घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं रखी जाएगी. उन्होंने कहा कि सरकार घटना की पुनरावृति नहीं हो, इसके लिए विशेष इंतजाम करेगी. अतिरिक्त मुख्य सचिव को इस संबंध में परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है. इस संबंध में आवश्यक प्रबंधन जैसे ड्रोन, अनियंत्रित वाहनों को रोकने की व्यवस्था, यातायात नियंत्रण आदि के बारे में भी रिपोर्ट देने को कहा गया है. एलिवेटेड ब्रिज सहित अन्य निर्माण की संभावनाएं भी पता करने के निर्देश दिए गए.

### मुरैना में 30 रुपए को लेकर बवाल-पथराव

**मुरैना.** नगर के सिंगल बस्ती क्षेत्र में तीस रुपए की उधारी मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने दुकानदार के घर पर धावा बोल दिया. उन्होंने न केवल तोड़फोड़ और पथराव किया, बल्कि ताबड़तोड़ फायरिंग भी की. इस घटना में दुकानदार कृष्णा टैगोर के माता-पिता और पत्नी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कृष्णा टैगोर के बल्लू जाटव पर मात्र तीस रुपए उधार थे, जब दुकानदार ने उधारी मांगी, तो बल्लू ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.



### महाकाल की शरण में पीटी उषा

**उज्जैन.** भारतीय ओलम्पियन खिलाड़ी एवं पद्मश्री सम्मानित पीटी उषा ने उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर विधि विधान के साथ पूजा की. इस अवसर पर पुजारी आशीष गुरु द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन विधिवत सम्पन्न कराया गया. मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया.

### कल लगेगा नि : शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**भोपाल.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा राजभवन में 17 सितम्बर को रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में राजभवन में आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो गई है। रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था राजभवन के सांदीपनि सभागार में की गई है। शिविर प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक रहेगा। आमजनों के लिए राजभवन के गेट नम्बर 02 से प्रवेश की सुविधा रहेगी. राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि शिविर का आयोजन राजभवन और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है.

# आज से साफ-सफाई का व्यापक अभियान

## कॉलेज और अस्पतालों में अभियान चलाने के दिए निर्देश

- कचरे और अनुपयोगी सामग्री को हटाया जाएगा
- आमजन और सामाजिक कार्यकर्ता को प्रोत्साहित करें

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और जिलों में स्थित प्रमुख चिकित्सालयों में सेवा पर्व और सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितम्बर से साफ-सफाई का व्यापक अभियान चलाने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिये हैं.**

अभियान के तहत कचरे और अनुपयोगी सामग्री को भी प्राथमिकता से हटाया जायेगा. सेवा पर्व को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संभागीय कमिश्नर को भी निर्देशित किया है कि वे सफाई अभियान का निरीक्षण और निगरानी करें. मंत्री, सांसद एवं विधायकगण से भी अनुरोध किया है कि वे साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण कर आमजन और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहित करें.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साफ-सफाई के अभियान में आम जनता, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपेक्षा की है. प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि वे रोगी कल्याण समिति को सशक्त कर साफ-सफाई अभियान में जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित करें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा पर्व को नया आयाम देते हुए अस्पतालों में सफाई व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये. उल्लेखनीय है कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर की अवधि में प्रदेश में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार, अभियान का संचालन भी किया जाएगा.

# मध्य प्रदेश में गरज-चमक के साथ छिटपुट बारिश

## पाड़झिर नदी में बहे 2 युवक बहे, बुरहानपुर में 4 घंटे तेज बारिश से उफने नदी-नाले

**भोपाल 16 सितम्बर. मध्य प्रदेश में गरज-चमक के साथ छिटपुट बारिश का दौर जारी है. नरसिंहपुर में पाड़झिर नदी में दो युवक बह गए, वहीं बुरहानपुर में चार घंटे तेज बारिश से नदी-नाले उफन गए.**

रायसेन में सबसे ज्यादा 51 मिमी, सतना में 32 मिमी, नर्मदपुरम में 20 मिमी, सिवनी में 18 मिमी और पचमढ़ी में 31 मिमी वर्षा हुई. इसके अलावा 17 अन्य स्थानों पर भी बारिश दर्ज की गई.

प्रदेश का अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है. दिनभर धूप- छांव और बादलों की मौजूदगी के बीच गरज-चमक के साथ बारिश का वातावरण बना रहा. हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है. वहीं बुरहानपुर में 4 घंटे तेज बारिश से नदी और नाले उफान पर है.



### एक युवक बचा, दूसरे की तलाश जारी



नरसिंहपुर जिले के सुआतला थाना क्षेत्र में स्थित पाड़झिर नदी में अचानक आए तेज बहाव के कारण दो युवक बह गए. इस हादसे में एक युवक तैरकर अपनी जान बचाने में सफल रहा, जबकि दूसरा लापता है, जिसकी तलाश के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है. यह घटना बिलहरा और नादिया गांव के बीच बहने वाली पाड़झिर नदी पर हुई.

प्रशिक्षण | धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे

# पीएम पार्क के लिए 23 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

**धार.** पीएम मित्र पार्क में देश की अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव दिये हैं. यह निवेश उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगा.

वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है. इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा. धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे, जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान अब टैक्सटाइल-हब के रूप में होने लगेगी. प्रधानमंत्री मोदी के '5-एफ' विज़न के अनुरूप यह पार्क फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन की संपूर्ण वैल्यू चैन बनायेगा. किसानों से प्राप्त कच्चा कपास उद्योगों में धागा बनेगा, वहीं से वस्त्र और परिधान तैयार होंगे और यही उत्पाद विदेशों तक जाएंगे. इस तरह पूरी वैल्यू चैन एक ही स्थान पर पूरी होगी. यही इस पार्क की विशिष्टता होगी और अन्य पार्कों के लिये आदर्श बनेगी.



तीन लाख रोजगार सृजित होंगे-पीएम मित्र पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे. इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे. कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा. यह अवसर केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा और स्थानीय बाजारों से लेकर निर्यात तक नई संभावनाएँ पैदा करेगा.

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान

महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में यह अभियान ऐतिहासिक कदम है. अभियान का संचालन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से करते हुए महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता लाने स्वास्थ्य शिविरों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से निवारक, संवर्धनात्मक और उपचारात्मक सेवाओं की आपूर्ति करेंगे. दोनों विभागों द्वारा संचालित होने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, जिससे वे निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें. स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है. इस अभियान में महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच भी होगी. अभियान में एनीमिया की रोकथाम, संतुलित

# संघ के शताब्दी वर्ष पर 3 अक्टूम्बर को भव्य पथ संचलन की तैयारियां

**पेटलावद.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर संघ के द्वारा लिये गये संकल्पों को हर हिंदू परिवार तक पहुंचाने के लिए हमारे स्वयंसेवकों को नगर सहित क्षेत्र के हर परिवार तक पहुंचना है और उन्हें एक जुट कर राष्ट्र शक्ति के निर्माण में सहयोग लेना है. शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकलने वाला पथ संचलन भव्य और सभी परिवारों को जोडने वाला बनें.

उक्त बात संघ के जिला प्रचारक रजक चौहान ने नगर में विशाल एकत्रीकरण में उपस्थित स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कही. श्री चौहान ने डॉ. हेडगेवार जी के जीवन का परिचय देते हुए बताया गया कि आज से 100 वर्ष पूर्व डॉ. साहब ने एक संघ की शाखा से जिसमें 4 से 5 लोग जुडे थे के साथ शुरूआत की थी. आज संघ परिवार का वट वृक्ष इतना विशाल हो चुका है कि वह केवल भारत ही नहीं अपितु विश्व के कई देशों में अपनी सेवाएं दे रहा है. श्री चौहान ने बताया कि कई बार संघ पर प्रतिबंध लगे और कई प्रकार की प्रतिकूल परिस्थितियां निर्मित हुई किंतु स्वयंसेवकों ने संघ का साथ नहीं छोड़ा और राष्ट्र सेवा में समर्पित रहे. इस प्रकार संघ प्रतिकूल परिस्थितियों से निकलकर अनुकुल परिस्थितियों में पहुंचा है. आज हमें संघ के शताब्दी वर्ष पांच परिवर्तनों पर विशेष ध्यान देना है. इस मौके पर नगर के सैकडों युवा और वरिष्ठ संघ के स्वयं सेवक उपस्थित रहे. जहां पर शताब्दी वर्ष को लेकर संघ के द्वारा किये जा रहे जनजागरण को लेकर चर्चा की गई. इसमें मुख्य रूप से शताब्दी वर्ष पर नगर व क्षेत्र के हर हिंदू परिवार तक पहुंचकर उन्हें संघ के शताब्दी वर्ष के बारे में बताना और आगामी 3 अक्टूम्बर को नगर में निकलने वाले भव्य पथ संचलन में अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ना. बैठक के पश्चात उपस्थित सैकडों कार्यकर्ताओं ने नगर में अभ्यास पथ संचलन निकालकर आमजन तक यह संदेश पहुंचाया कि 3 अक्टूम्बर को नगर में विशाल पथ संचलन निकलने वाला है, जिसमें नगर के हर परिवार के सदस्य को अपनी उपस्थिति देना है.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60